**Total Pages : 8**

# K-53

## B.A. (Part-II) Examination, 2022

## (Old Course)

## HINDI LITERATURE

## (अर्वाचीनं काव्य)

**[ Paper : First ]**

***Time Allowed : Three Hours***

***Maximum Marks : 75***

***Minimum Passing Marks : 25***

**निर्देश : सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।

1. निम्नलिखित पद्यांशों में से **किन्हीं तीन** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए–

(क) वे देश जो हैं आज उन्नत और सब संसार से

चौंका रहे हैं नित्य सबको नव नवाविष्कार से।

बस ज्ञान के संचार से ही बढ़ सके हैं वे वहाँ,

विज्ञान बल से ही गगन में चढ़ सके हैं वे वहाँ।

(ख) चढ़ रही थी धूप;

गर्मियों के दिन

दिवा का तमतमाता रूप;

उठी झुलसाती हुई लू,

रुई ज्यों जलती हुई भू,

गर्द चिनगी छा गई,

प्रायः हुई दुपहरः-

वह तोड़ती पत्थर।

(ग) हम सागर के धवल हास हैं

जल के धूम, गगन की धूल,

अनिल फेन ऊषा के पल्लव,

वारि वसन, वसुधा के मूल।

(घ) माँ बाप तुम्हीं मेरे हो

मैं क्या बोलूँ,

आँसू की मानूँ?

मैं जबान भी खोलूँ!

भले पीठ मारो तुम मालिक

पेट मारिये नहीं!

मैं बेच रही हूँ दही!

(ङ) शरद चाँदनी

बरसी

अंजुरी भर कर पी लो

ऊँघ रहे हैं तारे

सिहरी सरसी

ओ प्रिय कुमुद ताकते

अनझिप

क्षण में

तुम भी जी लो।

2. मैथिलीशरण गुप्त की पठित रचनाओं के आधार पर विद्या और ज्ञान की आवश्यकता पर प्रकाश डालिए।

**अथवा**

निराला के काव्य के आधार पर उनकी सामाजिक विचारधारा पर प्रकाश डालिए।

3. पन्त कोमल कल्पनाओं के कवि हैं। युक्ति-युक्त विचार कीजिए।

**अथवा**

अज्ञेय की काव्यगत विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

4. निम्नलिखित में से **किन्हीं तीन** पर टिप्पणियाँ लिखिए-

(i) श्रीकांत वर्मा की काव्य चेतना

(ii) राष्ट्रीय काव्यधारा की विशेषताएँ

(iii) सुभद्रा कुमारी चौहान की काव्य संवेदना

(iv) प्रयोगवाद की विशेषताएं

(v) तोड़ती पत्थर कविता का संदेश

5. निम्नलिखित **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

(i) 'वाणी' किस कवि की कृति है।

(ii) 'एक भारतीय आत्मा' नाम से कौन कवि प्रसिद्ध है?

(iii) पंत जी का जन्म कब और कहाँ हुआ था?

(iv) 'राजे ने अपनी रखवाली की' किस कवि की कविता है?

(v) 'दूसरा सप्तक' का प्रकाशन वर्ष बताइये।

(vi) प्रगतिशील लेखक संघ का पहला अधिवेशन कब हुआ?

(vii) 'किसान' किसकी रचना है?

(viii) मैथिलीशरण गुप्त किस काव्यधारा के कवि हैं?

(ix) कुकुरमुत्ता के रचनाकार का नाम लिखिए।

(x) इत्यलम किसकी रचना है?

(xi) छायावाद की कालावधि बताइये।

(xii) हिन्दी के प्रथम शोकगीत का नाम लिखिए।

(xiii) 'झांसी की रानी' कविता की लेखिका कौन हैं?

(xiv) 'उलाहना' किस कवि की कविता हैं।

(xv) 'दूर्वांचल' के रचनाकार का नाम लिखिए।

----x----